दैनिक भास्कर

# शादी में जाना था 800 किलो नकली और मिलावटी पनीर, पकड़ा गया

**Jaipur News - जयपुर| मिलावटखोरी थमने का नाम नहीं ले रही है। लगभग हर मुख्य बाजार में मिलावटी पनीर का एक सप्लायर है और वह आसानी से...**



Jaipur News rajasthan news the marriage was to get 800 kg fake and adulterated cheese caught

Feb 23, 2019, 05:05 AM IST



जयपुर| मिलावटखोरी थमने का नाम नहीं ले रही है। लगभग हर मुख्य बाजार में मिलावटी पनीर का एक सप्लायर है और वह आसानी से बाजार में माल खपा रहा है। दैनिक भास्कर के खुलासे के बाद चिकित्सा विभाग की ओर से लगातार की जा रही कार्रवाई के तहत शुक्रवार को सेंट्रल टीम ने झालाना रोड बाईजी की कोठी स्थित शर्मा पनीर उद्योग पर 800 किलो नकली पनीर पकड़ा। यहां 2 डीप फ्रीज और 4 आइरन बॉक्स में 800 किलो नकली पनीर भरा था। दुर्गन्ध आ रही थी। टीम ने 2 सैंपल लेकर पनीर नष्ट कराया। अलवर के बड़ौदामेव से आने वाला पनीर पूरी तरह मिलावटी था। इसे रिफाइंड और पाउडर से बनाया गया था और दूध का जरा भी अंश नहीं था। ऐसे में जो भी इस पनीर को खाता, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नुकसान होना तय था। टीम अधिकारियों ने बताया कि इस मिलावटी पनीर को शादियों और होटलों में भेजा जाना था, इसलिए एडवांस में ऑर्डर बुक कर माल मंगाया गया। स्टेट नोडल ऑफिसर सुनील सिंह ने बताया कि कुछ और देरी होती तो पनीर सप्लाई किया जा चुका होता। पनीर को पिकअप से उतार कर रखा ही जा रहा था।

**दो फर्मों पर 3000 लीटर मिलावटी सॉस मिला**

सीएमएचओ प्रथम टीम ने शुक्रवार को दीनानाथजी की गली स्थित विनायक ट्रेडर्स और लक्ष्मी एजेंसी पर कार्रवाई कर 3000 लीटर नकली सॉस पकड़ा। लक्ष्मी एजेंसी पर एमएल फूड्स का नकली सॉस मिला। यहां कई प्रकार के सॉस की 1600 बोतल रखी हुई थी। टीम ने सैंपल लेकर बोतलों को सीज कर दिया। दूसरी फर्म विनायक ट्रेडर्स की कानोता में खुद की मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट हैं। यहां नकली सॉस को क्वांटिटी ब्रांड के कॉन्टिनेंटल और रेड चिल्ली सॉस ब्रांड के नाम से बेचा जा रहा था। कार्रवाई के दौरान यहां 1200 बोतल नकली सॉस की मिली। टीम ने दोनों ब्रांड के एक-एक सैंपल लेकर नकली सॉस सीज किया। यह फर्म शहर के कई दुकानों पर अपना माल सप्लाई करती हैं।

Source: [https://www.bhaskar.com/rajasthan/jaipur/news/rajasthan-news-the-marriage-was-to-get-800-kg-fake-and-adulterated-cheese-caught-050512-3971471.html](https://www.bhaskar.com/rajasthan/jaipur/news/rajasthan-news-the-marriage-was-to-get-800-kg-fake-and-adulterated-cheese-caught-050512-3971471.html)